पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में आयोजित हुआ योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम

21 जून को राज्यपाल, केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री होंगे शामिल

लखनऊः 19 जून, 2018

आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2018 का पूर्वाभ्यास आज राजभवन के लाॅन में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास करने वालों में पंतजलि, गायत्री परिवार, यू0पी0 नेचरोपैथी टीचर, भारतीय योग संस्थान, तत्वमसी, एन0सी0सी0, सी0आर0पी0एफ0, एस0एस0बी0, आई0टी0बी0पी0, सी0आई0एस0एफ0 आदि संस्थानों के योग साधक सम्मिलित हुये। योगाभ्यास कार्यक्रम में दिव्यांग योग साधकों सहित पांच से सात वर्ष के बच्चों ने भी बड़े उत्साहपूर्वक सहभाग किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव श्री सोबरन सिंह, निदेशक आयुर्वेद प्रो0 आर0आर0 चैधरी, निदेशक होम्योपैथी प्रो0 वी0के0 विमल, निदेशक यूनानी डाॅ0 सिकन्दर हयात सिद्दीकी, कार्यक्रम के संयोजक डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी एवं योग प्रवक्ता डाॅ0 अमरजीत यादव सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2018 का मुख्य कार्यक्रम आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा राजभवन लाॅन में 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे के मध्य आयोजित किया जा रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं डाॅ0 दिनेश शर्मा, प्रदेश के आयुष मंत्री डाॅ0 धर्मसिंह सैनी सहित मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, महापौर, सांसदगण, विधायकगण, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के योगसाधक भी सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम का संयोजन कर रहे डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि राजभवन लाॅन में होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में वही योग साधक प्रतिभाग कर सकेंगे जिनको आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आमंत्रण पत्र निर्गत किये गये हैं। उन्होंने बताया है कि सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा सफेद टीशर्ट उपलब्ध करायी गयी है जिसमें ‘अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस’ तथा ‘कंुभ 2019’ का प्रतीक चिन्ह अंकित है। प्रतिभागियों द्वारा परिधान के रूप में टीशर्ट के साथ नीला, काला अथवा सफेद लोअर धारण किया जायेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी की मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त जनपद लखनऊ के 10 विभिन्न पार्कों में भी सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 21 जून, 2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन रमाबाई आंबेडकर मैदान में किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहभाग किया था।

अंजुम/ललित/राजभवन (243/20)